# राजपुर पुलिस का बड़ा खुलासा, हत्यारे पति को किया गिरफ्तार

- चरित्र शंका के चलते अपनी ही पत्नी पर एसिड डालकर बेरहमी से पीटकर की हत्या

**बड़वानी, ( नवभारत )।** चरित्र शंका के चलते अपनी ही पत्नी पर एसिड डालकर और बेरहमी से पीटकर हत्या करने वाले क्रूर मामले का राजपुर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पति विजय चौहान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी चूहों द्वारा एसिड गिराने की झूठी कहानी गढ़कर फरार हो गया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के आगे उसकी साजिश टिक नहीं सकी। इस जघन्य वारदात में मासूम बच्चे भी झुलसने का शिकार हुए हैं।

### चूहों की झूठी कहानी का खुला राज

घटनाक्रम के अनुसार 29 मई 2026 को जिला अस्पताल बड़वानी से मृतिका पिंकी (24) की एसिड से जलने के कारण मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की थी। मृतिका के शरीर की चोटों और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति विजय चौहान के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन व एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में एसडीओपी आयुष कुमार अलावा और थाना प्रभारी



माधवसिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी व मनोवैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से आरोपी विजय (31) को मोहनपुरा इंद्रपुर से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, प्लास्टिक का मग्गाए दस्ताने, कैंची और कपड़े जब्त कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इस अंधे कत्ल का त्वरित खुलासा करने में राजपुर पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

> **आरोपी पति अस्पताल से हो गया था फरार**
>
> पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि चरित्र शंका के चलते उसने 28 मई की रात सोते समय पत्नी पर ड्रिप साफ करने वाला एसिड डाल दिया, जिससे पास सो रहे बच्चे भी झुलस गए। जब पीड़िता जान बचाने के लिए भागी, तो आरोपी ने लोहे की रॉड से उसे बेरहमी से पीटा और कैंची से उसकी चोटी काट दी। सुबह खुद को बचाने के लिए उसने चूहों द्वारा एसिड गिराने की अफवाह फैलाई और अस्पताल से फरार हो गया था।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश

**सेंधवा, ( नवभारत )।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शहर में भव्य नशामुक्ति रैली का आयोजन किया। रैली में बड़ी संख्या में शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। ऐतिहासिक किले पर मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति का प्रभावशाली संदेश दिया गया।

यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर बड़वानी जयंती सिंह के निर्देशानुसार तथा सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक रोनक सोलंकी के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में सारा नवजीवन बहुउद्देशीय संस्था के साथ सेंधवा अनुभागीय राजस्व विभाग के अधिकारि एसडीएम आशिष सिंह के मार्गदर्शन मे शासकीय विभागों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही।




नशामुक्ति रैली एसडीएम कार्यालय से प्रारंभ होकर आंबेडकर चौक, शिवाजी चौक एवं मुख्य मार्गों से होते हुए ऐतिहासिक किले तक पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशामुक्ति के समर्थन में जागरूकता नारे लगाए। किले पर पहुंचकर विशाल मानव श्रृंखला बनाई एवं नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत हस्ताक्षर अभियान से हुई। साथ ही नशे के दुष्परिणामों को दर्शाने वाली पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई, जिसे नागरिकों ने बड़ी रुचि से देखा। तहसीलदार राहुल सोलंकी ने लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

सतपुड़ा आदिवासी नशामुक्ति अभियान अंतर्गत नशामुक्त हुए परिवारों का सम्मान किया। एनसीसी विद्यार्थियों ने अनुशासित परेड निकाली तथा नशामुक्ति गीतों से समाज को सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुधीर शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मधु चौधरी, सीइओ जपं सेंधवा अंजलि बड़ोले व अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सिलावद पुलिस ने सुस्तीखेड़ा में किया जनसंवाद, पूर्व मंत्री पटेल रहे मौजूद



**सिलावद/बड़वानी।** पुलिस और जनता के बीच समन्वय व विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को थाना सिलावद पुलिस द्वारा ग्राम सुस्तीखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने सचेत किया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं ताकि ठगी गई राशि होल्ड की जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए ग्रामीणों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने और शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाइश दी गई। दुर्घटना होने पर घायलों की मदद करने व पीएम राहत योजना के लाभों के बारे में भी बताया गया। अंत में पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने की अपील की।

### गोवंश वध मामले में बजरंग दल का प्रदर्शन



**महू.** नगर की बंडा बस्ती में गोवंश वध के मामले को लेकर शनिवार को बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों ने कोतवाली चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. प्रदर्शन के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने तथा उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की. बाद में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम राकेश परमार ने मामले में नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हुई घटना के बाद शहर में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट रही. शनिवार को संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया, वहीं स्थिति पर लगातार नजर रखी गई. प्रशासन ने नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है. मामले में बाड़ा (अवैध बूचड़खाना) मालिक इमरान खटखट सहित कादिर, हासिम और कल्ला के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं. इसी के चलते एक आरोपी कादिर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष तीन आरोपियों की तलाश में की टीमें लगी हुई हैं.

### राहगीरों को पिलाया जा रहा शीतल पेय



**महू.** सामाजिक संस्था निश्छल सेवा परिवार की ओर से नर सेवा ही नारायण सेवा है के ध्येय वाक्य को सार्थक करते हुए नौ दिन चलने वाले नौतपा में राहगीरों को प्रतिदिन अलग-अलग तरह के शीतल पेय पिलाये जा रहे हैं. शुक्ला टेंट हाउस पर शीतल पेय पीकर राहगीर भीषण गर्मी में राहत महसूस कर रहे हैं. प्रतिदिन 1000 से भी अधिक लोग शीतल पेय का आनन्द लेते हैं. पहले दिन तरबूज, दूध, रूह अफजा से बना था मोहब्बत का शरबत, उसके बाद गन्ने का रस, आमरस, केरी का पना, दही-बूंदी का रायता, छाछ, गुरुजी की ठंडाई, रसना जैसे शीतल पेय बांटे जा रहे हैं. समाजसेवी शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा प्रतिवर्ष नौतपा में यह आयोजन किया जाता है. हर अमावस्या पर भी कई प्रकार के व्यंजन बांटे जाते हैं. कंपनी बाग स्थित काशी विश्वनाथ जी के मंदिर में भोग लगाकर यह प्रसाद बांटा जाता है. संस्था निश्छल सेवा से शहर के गणमान्य, सामाजिक, सेवा भावी लोग जुड़े हुए हैं. इस दौरान प्रमुख रूप से पं. कपिल शर्मा, काशी महाराज, समाजसेवी शैलेंद्र शुक्ला, भाजपा नेता बीके कौशल समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे.

### शिव महापुराण कथा में बह रही भक्ति की गंगा

**महू.** इंदौर रोड स्थित समर्थ पार्क कॉलोनी में इन दोनों शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है. जिसमें कथा वाचक पं. अमित कृष्ण महाराज भक्ति भाव की गंगा बहा रहे हैं. शनिवार को महाराज ने कथा के दौरान कुबेर जी एवं सती चरित्र का वर्णन किया. कथा में उन्होंने बताया कि सती माता ने अपने पिता के हवन कुंड में स्वयं को अपनी योग अग्नि के माध्यम से जला दिया. फिर वीरभद्र ने दक्ष का शीश काट दिया और शिव जी सती के शरीर को लेकर विचरण करने लगे. भगवान विष्णु ने सती माता के शरीर का स्मरण किया और शिवजी ने शक्तिपीठ की स्थापना की. इस कथा के दौरान महाराज जी ने मनमोहक भजनों भी सुनाए, जिसमें मौजूद श्रद्धालु झूमने पर भी मजबूर हो उठे. कथा के दौरान व्यास पीठ का पूजन रमेश कुमार मेहरा, आशा मेहरा, श्याम कुमार मेहरा, गीता मेहरा, शिक्षा मेहरा समेत समस्त मेहरा परिवार ने किया.

# सब्जी मार्केट से हटाए पुराने बिजली के तार




- विद्युत विभाग कर्मचारियों का जताया आभार

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर के सब्जी मार्केट के पास पुराने विद्युत पोल पर लगे तारों को कर्मचारियों ने हटाया है। रहवासियों ने किसी अप्रिय घटनाओं की आशंका के चलते विद्युत विभाग जेई राजेंद्र पटेल को मौखिक रूप से सूचना की थी। जेई श्री पटेल ने लाइनमैन संतोष चौधरी, अनिल सोलंकी, रितेश चौहान एवं टीम को भेजकर पुराने विद्युत तारों को निकालकर केबल लगाया है। साथ ही क्षेत्र के अन्य ग्रामों या कृषि क्षेत्रों में इस तरह की कोई समस्या हो, तो नजदीकी ग्रीड पर संपर्क करने या कार्यालय में सूचना देने की अपील की है। जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके तथा समय पर बिजली बिल भर कर बिजली कटने से बचने की बात कही है।

सचिन अग्रवाल ने बताया कि विद्युत केबल के पास ग्रीन नेट एवं तिरपाल लगा दी जाती है, जिससे की वर्षाकाल के दौरान किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। वहां लगा पोल भी पुराना हो चुका था। विद्युत विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान कर दिया गया। त्वरित निराकरण के लिए रहवासियों ने जेई राजेंद्र पटेल एवं विद्युत विभाग कर्मचारियों का आभार जताया है।

## जैन बने प्रदेश सचिव

**बड़वानी।** मानवाधिकार सुरक्षा संघ में संगठनात्मक विस्तार करते हुए शहर के विजयकुमार जैन को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश गांगले की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम पाटीदार खरगोन ने 27 मई को आधिकारिक नियुक्ति पत्र जारी किया। इसके तहत वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजयकुमार जैन को मानवाधिकार सुरक्षा संघ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है।

# अभा कांग्रेस कमेटी सचिव ने की संगठनात्मक बैठक

- पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से की चर्चा



**निवाली ( नवभारत )।** नगर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी उषा नायडू ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की।

उषा नायडू ने ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों एवं संगठन के पदाधिकारियों से एक-एक कर संवाद किया तथा संगठन की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों एवं आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और उसकी आवाज को मजबूती से उठाना है। कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने एवं अधिक से अधिक परिवारों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया। भाजपा द्वारा आदिवासी समाज को वनवासी कहे जाने के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पहचान, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास है। आदिवासियों को आदिवासी ही रहने दिया जाए, उन्हें वनवासी कहकर उनकी पहचान को कमजोर करने का प्रयास नहीं होना चाहिए।

> **बैठक के दौरान यह उपस्थित**
>
> बैठक में पानसेमल विस प्रभारी जगदीश वानखेड़े, महेश्वर विस प्रभारी राजेश नाहर, प्रदेश महासचिव प्रकाश खेड़कर, प्रदेश महासचिव सतीश जायसवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नानेश चौधरी, संगठन मंत्री नासिर खान व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, मंदिर सहित दो बड़ी चोरियों का खुलासा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. चंदन नगर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर दो बड़ी चोरियों का खुलासा किया है. आरोपी के कब्जे से 28 हजार 620 रुपए नकद सहित करीब 3 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण बरामद किए हैं. आरोपी ने आइस डिपो और सिंहासा स्थित राम मंदिर में चोरी की वारदातें कबूल की हैं.**

पुलिस के अनुसार, रेवा बाग में रहने वाले 32 वर्षीय अंकित मालवीय को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ने बुधवार 27 मई की रात कालू आइस डिपो, सिरपुर स्थित कार्यालय में सेंध लगाकर गल्ले में रखी नकदी चोरी की थी. इस मामले में चंदन नगर थाने में केस दर्ज किया गया था. मामले की जांच में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया. तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही अंकित मालवीय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने नशे की लत के चलते चोरी करना स्वीकार किया. उसके कब्जे से चोरी की गई राशि में से शेष 28 हजार 620 रुपए नकद बरामद किए.

**सिंहासा राम मंदिर से चुराए भगवान के 3 लाख के जेवर बरामद** -पूछताछ में आरोपी ने करीब तीन माह पूर्व ग्राम सिंहासा स्थित राम मंदिर में भी चोरी करना कबूल किया. उसने मंदिर का ताला तोड़कर भगवान के चांदी के मुकुट, बांसुरी, कलश, चेन, पायजेब सहित सोने के मंगलसूत्र चोरी किए थे. इस संबंध में थाना चंदन नगर में मामला पहले से दर्ज था. गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मंदिर चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है. बरामद सामान में 5 चांदी के मुकुट, 7 चांदी की चेन, 1 चांदी की बांसुरी, 1 कंदौरा, 1 कलश, 3 जोड़ी कड़े, 4 जोड़ी पायजेब और 3 सोने के मंगलसूत्र शामिल हैं. जब्त संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य करीब 3 लाख रुपए है.

# क्रेडिट लीफ ऐप से लिया महिला ने 40 हजार का लोन, 4 .50 लाख वसूले

- एडिटेड अश्लील फोटो बनाकर किया ब्लैकमेल
- आरोपियों ने परिवार और परिचितों को भेजीं एडिटेड तस्वीरें

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने एक महिला की शिकायत पर साइबर फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है. आरोपियों ने 40 हजार रुपए के छोटे लोन के बदले महिला से करीब 4 लाख 50 हजार रुपए वसूल लिए. इतना ही नहीं, उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाए और परिवार व परिचितों को भेजकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया.

साइबर पुलिस के अनुसार बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली हर्षिता ने शिकायत दर्ज कराई कि अक्टूबर 2025 में उसे पैसों की जरूरत थी. इस दौरान उसने प्ले स्टोर से क्रेडिट लीफ नाम का ऐप डाउनलोड कर 7 दिन के लिए 40 हजार रुपए का लोन लिया. लोन की अवधि पूरी होने से पहले ही उसे अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सएप कॉल आने लगे. कॉल करने वाले आरोपियों ने तत्काल पैसा लौटाने का दबाव बनाते हुए धमकी दी कि मोबाइल में मौजूद फोटो-वीडियो को एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल कर देंगे. डर के चलते महिला ने पहले 80 हजार रुपए ट्रांसफर किए, लेकिन इसके बाद भी आरोपियों की मांगें लगातार बढ़ती रहीं.

**धमकाकर अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिये जमा कराए रुपए**-यही नहीं, आरोपियों ने महिला के फोटो एडिट कर उसके रिश्तेदारों और परिचितों को भेज दिए, जिससे उसके पास लगातार फोन आने लगे. पिछले करीब छह माह में आरोपियों ने उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिए करीब 4.5 लाख रुपए वसूल लिए. पीड़िता ने यह भी बताया कि कई बार उसके खाते में जबरन 5 से 10 हजार रुपए डाल दिए जाते थे, ताकि बाद में अधिक रकम वसूली जा सके. जब महिला का अकाउंट खाली हो गया, तब परिजनों को शक हुआ. पूछताछ में पूरे मामले का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर बैंक खातों, मोबाइल नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

# जिला कोर्ट परिसर में महिला वकील से मारपीट, तोड़ी चेन

- लिव-इन एग्रीमेंट में कुछ शर्तों के बदलाव पर भड़के परिजन
- पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया केस

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** जिला न्यायालय परिसर में महिला वकील के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है. बताया जाता है लिव-इन रिलेशनशिप एग्रीमेंट में कानूनी बदलाव की बात पर युवती के परिजन भड़क गए और वकील के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की कर दी. इस दौरान उनके गले से सोने की चेन भी तोड़ दी गई. पुलिस ने खजराना निवासी तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

धार रोड लावरिया भेरू निवासी भावना कुरिल पेशे से अधिवक्ता हैं. वे कोर्ट परिसर में अपने पक्षकार राजेंद्र धार्वे और विपक्षी युवती शीतल गोले के बीच बन रहे लिव-इन एग्रीमेंट का परीक्षण कर रही थीं. एग्रीमेंट पढ़ने के बाद उन्होंने अपने पक्षकार के हित में कुछ बदलाव सुझाए. इसी बात पर शीतल के परिजन भड़क गए. आरोप है कि युवती के मामा मुकेश निर्मले, राकेश निर्मले और मामी पिंकी निर्मले ने कोर्ट परिसर में ही वकील को घेर लिया और गाली गलौज शुरू कर दी.

> **घटना के बाद कोर्ट परिसर में हो गया हंगामा**
>
> घटना के बाद कोर्ट परिसर में हंगामा हो गया और बड़ी संख्या में वकील एकत्रित हो गए. पीड़िता साथी अधिवक्ताओं के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अभद्रता और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामले में एडिशनल डीसीपी प्रियंका डूडवे ने बताया कि कोर्ट परिसर में महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट और अभद्रता की घटना सामने आई है.

**एक नजर में** ▶ रंग लाई पुलिस की पहल : काउंसलिंग से बदली सोच, नाबालिगों व परिजनों को बताए नशे के दुष्परिणाम

# नई उम्मीद अभियान के तहत 32 युवाओं ने छोड़ा नशा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नशा मुक्त समाज की दिशा में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नई उम्मीद अभियान के तहत 32 युवाओं ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया. जोन 3 पुलिस द्वारा आयोजित इस काउंसलिंग सत्र में नशे की गिरफ्त में आए बालक व युवाओं ने भाग लेकर सामान्य जीवन की ओर लौटने की इच्छा जताई.**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत 21वें सत्र का आयोजन किया. कार्यक्रम अति




पुलिस उपायुक्त जोन-3 रामसनेही मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ. इसमें सहायक पुलिस आयुक्त हीरानगर रुबीना मिजवानी, थाना प्रभारी हीरानगर सुशील पटेल तथा काउंसलिंग समिति के सदस्य डॉ. पीयूष द्विवेदी सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे. सत्र में पुलिस अधिकारियों ने युवाओं और उनके परिजनों से सीधा संवाद कर नशे के दुष्परिणामों के बारे में समझाया. कई युवाओं ने स्वीकार किया कि वे नशे की लत में थे, लेकिन पुलिस की इस पहल से उन्हें नई दिशा मिली है और वे अब नशे से दूर रहना चाहते हैं.

**पढ़ाई में रुचि रखने वाले बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भी की वितरित** -कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के प्रति रुचि दिखाने वाले बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई. पुलिस द्वारा नियमित काउंसलिंग के जरिए उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जा रहा है. काउंसलिंग में यह सामने आया कि नशे की प्रवृत्ति के पीछे पारिवारिक माहौल, आर्थिक कमजोरी, गलत संगति और आसपास का नकारात्मक वातावरण प्रमुख कारण हैं. इन कारणों को ध्यान में रखते हुए नशे से बाहर आने के इच्छुक युवाओं के लिए मनोरोग विशेषज्ञों के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है.

> **केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकालना है उद्देश्य**
>
> पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नई उम्मीद अभियान का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकालकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, ताकि शहर को नशा मुक्त बनाया जा सके. वहीं अति पुलिस उपायुक्त जोन-3 रामसनेही मिश्रा ने बताया कि लगातार काउंसलिंग और परिवार की भागीदारी से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं और आने वाले समय में और अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा.